तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **अजय सिंह सांसी** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी, जोधपुर–दक्षिण)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353055966665991	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
23/05/25	अपीलार्थी अजय सिंह सांसी निवासी 148, सांसी कॉलोनी, बग्गी खाना, रातानाडा, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 28.03.2025 को भंवरी देवी आवक क्रमांक 245, अरविंद दैय्या आवक क्रमांक 246, राजेश आवक क्रमांक 247, द्वारा दिनांक 11 मार्च 2025 को प्रशासनिक उपखण्ड अधिकारी, दक्षिण जोधपुर कार्यालय में तीन परिवारों के लिए बी.पी.एल. (गरीबी रेखा से नीचे) कार्ड हेतु आवेदन प्रस्तुत किए गए थे। इन आवेदनों को 20 मार्च 2025 को पंजीकृत किया गया था, जिनके संपूर्ण कार्यवाही संबंधित संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, जोधपुर–दक्षिण) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं. दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (उपखण्ड अधिकारी, जोधपुर–दक्षिण) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (उपखण्ड अधिकारी, जोधपुर–दक्षिण) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, जोधपुर–दक्षिण) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by G[illegible]av Agrawal
Designation: Colle[illegible] & District Magistrate
Date: 2025.05.[illegible]8:51:57 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 15513138